रेरा बिहार ने बेहतर 15 प्रोजेक्ट्स की नई रैंकिंग जारी की, जल्द ही प्रमोटर्स की भी रैंकिंग जारी होगी...

Edited By : Viveka | Aug 30 2024 6:58 PM

हमें फॉलो करें

PATNA: रेरा बिहार ने शुक्रवार को शीर्ष पन्द्रह चल रही निबंधित परियोजनाओं की नयी रैंकिंग (BRQ) जारी की. ये वैसी परियोजनाएं हैं जिनका निबंधन रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 के लागू होने के बाद प्राधिकरण में हुआ है । भावी घर/प्लॉट खरीदार चल रही परियोजनाओं की रैंकिंग प्राधिकरण की वेबसाइट - https://rera.bihar.gov.in - पर देख सकते हैं। परियोजनाओं की रैंकिंग के लिए 'बिहार रेरा रियल एस्टेट प्रोजेक्ट कोसेंट (BRQ) ' नाम दिया गया है।

नवीनतम BRQ के स्कोर के अनुसार प्राधिकरण के साथ निबंधित शीर्ष पन्द्रह रियल एस्टेट परियोजनाएं हैं - SKREPL ट्रिनिटी उत्सव, राधे कृष्णा काम्प्लेक्स, श्री गणेश सरस्वती एन्क्लेव, अश्थाणु मेट्रो टावर, शाकुंतलम, जगन्नाथ एन्क्लेव, तबस्सुम रेजीडेंसी , किरण रेजीडेंसी, R B एन्क्लेव, बैकुंठ इम्प्रैशन टावर, एम्बर अजय पैलेस, होप रॉयल पाम्स, संरचना हाइट्स, श्री कृष्णा पैलेस एवं जहाजी पैलेस ।

इससे पहले प्राधिकरण ने जुलाई माह में पहली बार ऐसी रैंकिंग जारी की थी और तब मार्च 31 तक के प्रगति प्रतिवेदन एवं अन्य सूचनाओं के आधार पर यह कार्य किया गया था . नयी रैंकिंग में जुन 30 तक के प्रगति प्रतिवेदन के आधार पर रिपोर्ट तैयार की गयी है.जैसा के पहले भी बताया गया था की रैंकिंग में परियोजनाओं का स्थान उनके तिमाही प्रगति के आधार पर बदलता रहेगा .इस बार वैसी शीर्ष पन्द्रह परियोजनाओं की भी रैंकिंग जारी की गयी है जिन्होनें अपने रैंकिंग में सबसे अधिक छलांग लगाई है.

नवीनतम BRQ के स्कोर के अनुसार प्राधिकरण के साथ निबंधित परियोजनाएं में जिसने सबसे ज्यादा लम्बी छलांग लगाई है उनके नाम हैं - ओरिनो जेविओर, नवनीत घराना, विस्तु विहार समस्तीपुर फेज 2, उमा चन्द्र, R L वर्मा वृंदा, शिव श्याम ऑर्चर्ड, ग्लोबल टावर, लोटस एलेगांस, निर्माण, अपराजिता गार्डन, पनमती टावर, देव पैलेस, प्लैटिनम एस एस, बब्राइट इम्पेरिया, एवं साईं हरिहर पैलेस है. बीआरक्यू के नए डेटा जारी करते हुए रेरा बिहार के अध्यक्ष श्री विवेक कुमार सिंह ने कहा, “ परियोजनाओं की रैंकिंग के संबंध में हमने भौतिक प्रगति, आवंटियों से एकत्र किए गए धन का उपयोग और परियोजना के प्रमोटर के खिलाफ दायर शिकायतों और ऐसे अन्य मामलों जैसे कारकों को ध्यान में रखा है। इसका उद्देश्य प्रमोटरों में स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा लाना है ताकि वो परियोजनाओं को समय से पूरा करें। इससे घर खरीदारों के हितों की रक्षा होगी.

उन्होंने कहा कि रैंकिंग गतिशील रहेगी और पंजीकृत परियोजनाओं के प्रमोटरों द्वारा किए गए अनुपालन के आधार पर यह बदलती रहेगी।यह बताया जा सकता है कि प्रमोटरों और परियोजनाओं के प्रदर्शन का उद्देश्यपूर्ण और पारदर्शी तरीके से विश्लेषण करने का प्रयास किया गया है ताकि पूर्वाग्रहों की संभावनाओं को खारिज किया जा सके।रेरा अध्यक्ष नै यह भी बताया कि प्रमोटरों की भी नयी रैंकिंग (BPQ) की सूची भी शीघ्र जारी की जायेगी.